# सरकार और समाज की सहभागिता से स्कूल बनेंगे सर्वसुविधायुक्त : हेमंत

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 5 सितंबर. शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के 227 शासकीय स्कूलों में अधोसंरचना विकास एवं उन्नयन कार्यों का शुभारंभ किया गया।**

**अधोसंरचना विकास एवं उन्नयन कार्यो का शुभारंभ**

**कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत शुरू किए जा रहे इन कार्यों में सरकार के साथ समाज, जनप्रतिनिधियों, सहयोगी संस्थाओं, पालकों एवं शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। अभियान का उद्देश्य शासकीय स्कूलों की अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ उन्हें आकर्षक, सुरक्षित एवं विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना है। बैतूल विकासखंड में शिक्षा संजीवनी अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं बैतूल विधायक हेमन्त खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अभियान के तहत विधायक हेमन्त खंडेलवाल ने एकीकृत माध्यमिक शाला बडोरा, माध्यमिक शाला कोसमी, माध्यमिक शाला जामठी एवं खेड़ी सांवलीगढ़ में अधोसंरचना विकास एवं उन्नयन कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मां सरस्वती एवं भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली



राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

**स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की अभिनव पहल :** केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासकीय स्कूलों में बुनियादी शिक्षा एवं सुविधाओं को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में विधायक हेमन्त खंडेलवाल द्वारा शिक्षा संजीवनी अभियान के रूप में अभिनव पहल की गई है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत योजनाबद्ध तरीके से शालाओं की आवश्यकताओं को चिन्हित कर अधोसंरचना का विकास किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण मिल सके।

**युवा शक्ति के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका :** युवा शक्ति के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज, पालक, सेवानिवृत्त शिक्षक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन एवं अन्य सहयोगी शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत स्कूलों की आवश्यकताओं के अनुरूप निर्माण कार्य, डेस्क-बेंच, डिजिटल कक्षाएं, बाउंड्रीवाल सहित अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों में आगे आकर योगदान दें। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से किए गए कार्यों से न केवल सहयोगकर्ताओं का स्कूलों से जुड़ाव बढ़ेगा, बल्कि स्कूलों की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों के प्रति समाज की जिम्मेदारी भी मजबूत होगी।

## 227 स्कूलों में शुरू हुए विकास कार्य

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने कहा कि जिले के लगभग 227 शासकीय स्कूलों में शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत समाज को जोड़कर अधोसंरचना विकास एवं उन्नयन कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों के विकास के साथ शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए समाज की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक दिवस के अवसर पर शुरू की गई इस पहल की शुरुआत शिक्षकों के सम्मान के साथ की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से समयसीमा में शासकीय स्कूलों में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार कर विद्यार्थियों के लिए बेहतर एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जाएगा।

## सरकार के साथ समाज की सहभागिता से बदलेंगे स्कूलों के स्वरूप

विधायक हेमन्त खंडेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता देते हुए निरंतर नए आयाम स्थापित कर रही है। हमारा प्रयास है कि अधोसंरचना विकास के साथ समाज को भी शिक्षा के मंदिरों से जोड़ा जाए और शासकीय स्कूलों को आकर्षक एवं सुंदर स्वरूप दिया जाए। यही स्कूल 2047 के विकसित भारत का नेतृत्व करने वाली युवा शक्ति के निर्माण का आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में शिक्षा व्यवस्था में समाज का सीधा जुड़ाव रहता था। समय के साथ यह जुड़ाव कम हुआ और स्कूल समाज की सीधी निगरानी से दूर होते गए। शिक्षा संजीवनी अभियान के माध्यम से सरकार और समाज की सहभागिता को फिर से मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। जनसहभागिता से स्कूलों की कमियों को दूर करने, व्यवस्थाओं की निगरानी करने और आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

## एक नजर में

### कलेक्टर ने आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बैतूल ब्लॉक के ग्राम कोसमी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध दवाओं, उनके भंडारण एवं वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्र में पर्याप्त बिजली सहित अन्य आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर का व्यवस्थित एवं प्रभावी संचालन किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को अपने गांव में ही आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने तथा केंद्र की व्यवस्थाओं को नियमित रूप से दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए।

### बजरंग दल की मटकी फोड़ 8 सितंबर को

**मुलताई।** बजरंग दल मुलतापी द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भव्य दही हांडी मटकी फोड़ का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।इस बार बजरंगदल द्वारा 8 सितंबर को मटकी फो? का कार्यक्रम किया जाता है। बजरंग दल मुलताप द्वारा इनाम प्रतिभागियों को 41हजार 111 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। सागर बजरंगी ने बताया मटकी फो? का आयोजन 8 सितंबर 2026 मंगलवार शाम 5 बजे से बजरंग दल चौक से होगा। महाआरती के बाद कार्यक्रम प्रारंभ होगा,प्रतियोगिता में नगर सहित बाहर से आई हुई टीम अपना हुनर दिखाएगी। बजरंग दल में मटकी फोड़ कार्यक्रम में सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### टीईटी की अनिवार्यता खत्म कराने सौंपेंगे ज्ञापन

**बैतूल।** टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला बैतूल द्वारा आज 6 सितंबर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मोर्चा ने जिलेभर के शिक्षकों से बड़ी संख्या में बैतूल पहुंचने का आह्वान किया है। संगठन का दावा है कि इस कार्यक्रम में कम से कम 4 हजार शिक्षकों की उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है।

# बिजली समस्या निवारण शिविर में शिकायतों का किया निराकरण

**बैतूल। ग्रामीणों की विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शनिवार को भैंसदेही ब्लॉक के ग्राम गारपठार में विद्युत समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।**

**मौके पर 9 नए कनेक्शन और 5 खराब मीटर बदले**

**बंद सप्लाई हुई चालू, खुले तार बदलने का प्रस्ताव**



शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को मौके पर सुना गया और कई शिकायतों का तत्काल निराकरण करते हुए विद्युत सेवाएं बहाल की गईं। शिविर में नए विद्युत कनेक्शन से लेकर खराब मीटर और बंद विद्युत सप्लाई जैसी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में नए विद्युत कनेक्शन के लिए 9 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर मौके पर ही कार्रवाई करते हुए कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। वहीं गांव में खराब पड़े 5 विद्युत मीटरों को तत्काल मौके पर बदल दिया गया। इसके अलावा 4 उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई बंद थी, जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद सुचारू रूप से चालू कर दिया गया। इससे संबंधित उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिली। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने गांव में खुले एवं ओपन तारों की समस्या भी सामने रखी। खुले तारों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों की मांग पर खुले तारों को बदलने के लिए आवेदन प्राप्त किया गया है। विद्युत विभाग द्वारा इसका प्राक्कलन तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजा गया है, ताकि आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद खुले तारों को बदलने की कार्रवाई की जा सके। विद्युत समस्या निवारण शिविर में प्रबंधक जलज वाईकर, कार्यालय सहायक जब्बर, मिथलेश राहंगडाले सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती मनाई

**मुलताई।** नगर के भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के सह संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पितृ पुरुष स्वर्गीय कुशा भाऊ ठाकरे जयंती मनाई गई। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया भाजपा कार्यालय में दोपहर भारतीय जनता पार्टी के सह संस्थापक, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पितृ पुरुष स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती मनाई। इस अवसर पर श्री ठाकरे ने जीवन पर प्रकाश डालते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार ने कहा कि पितृ पुरुष कुशभाऊ ठाकरे अद्वितीय संगठनकर्ता, सेवाभाव



के प्रतीक एवं विचारक थे। भाजपा कार्यकर्ताओं में सेवा सुशासन एवं राष्ट्रवाद के संस्कारों का सृजन उनकी छत्रछाया में हुआ द्य 15 अगस्त 1922 को मध्य प्रदेश की धार में श्री कृष्ण जन्माष्टमी तिथि को उनका जन्म हुआ था, तब से कृष्ण जन्माष्टमी को उनकी जयंती मनाते हैं। वह 1942 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और प्रचारक के रूप में कार्य किया द्य भारतीय जन संघ के स्थापना काल से ही वह संगठन के विस्तार कार्य में सक्रिय रहे द्य अप्रैल 1998 से अगस्त 2000 तक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे।

# आधार बायोमेट्रिक अपडेट अभियान में बैतूल प्रदेश के शीर्ष पांच जिलों में

**बैतूल।** विद्यार्थियों के आधार कार्ड के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अभियान में बैतूल जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अगस्त 2026 में संचालित विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार अभियान में बैतूल प्रदेश के शीर्ष पांच प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल रहा है। जिले ने अभियान के तहत 10.9 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मध्यप्रदेश निदेशक सुमित मिश्रा, आईटीएस ने इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे को पत्र भेजकर जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने बैतूल जिले की पूरी टीम, विशेष रूप से स्कूल शिक्षा विभाग और जिला ई गवर्नेंस के प्रयासों को प्रशंसनीय बताया है। श्री मिश्रा ने अपने पत्र में कहा है कि अगस्त माह के दौरान अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अभियान में बैतूल का शीर्ष पांच जिलों में स्थान बनाना जिला टीम के समन्वित और प्रभावी प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कलेक्टर डॉ. सोनवणे के नेतृत्व में बैतूल जिला अभियान के आगामी दिनों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखेगा।

# कलेक्टर पहुंचे भीमपुर के प्राथमिक शाला माकड़ा

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सप्ताह में दूसरी बार पुन: शनिवार को भीमपुर ब्लॉक के प्राथमिक शाला माकड़ा का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने शाला की व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भीमपुर ब्लॉक के स्कूलों के भवन और बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर बीआरसी के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संबंधित शिक्षकों और अधिकारियों को भी विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में



विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ ही मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। स्कूलों में बिजली, पर्याप्त रोशनी, पंखे सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत चिखली के प्रभारी सचिव निलेश नंदा को शाला के अधोसंरचना विकास के लिए प्रकरण तैयार कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत उन्नयन कार्यों की जानकारी भी ली।

# निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावक हो रहे परेशान

**पाथाखेड़ा।** सारनी क्षेत्र में संचालित निजी विद्यालयों में कथित रूप से मनमानी फीस वसूली और शिक्षा संबंधी निर्धारित नियमों की अनदेखी को लेकर अभिभावकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि कई विद्यालयों में विद्यार्थियों से नामांकन के नाम पर हजारों रुपये लिए जा रहे हैं, लेकिन भुगतान की विधिवत रसीद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इससे फीस वसूली की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि प्रत्येक छात्र से नामांकन के नाम पर अलग-अलग राशि वसूली जा रही है। आर्थिक रूप से पहले ही महंगाई की मार झेल रहे परिवारों के लिए एकमुश्त हजारों रुपये का अतिरिक्त भार परेशानी का कारण बन रहा है। अभिभावकों की मांग है कि प्रत्येक विद्यालय की शुल्क संरचना सार्वजनिक की जाए तथा विद्यार्थियों से ली जाने वाली प्रत्येक राशि का विधिवत विवरण और रसीद अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा कुछ निजी विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता, विद्यार्थियों के लिए खेल मैदान तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्कूल परिवहन व्यवस्था में भी सुरक्षा मानकों की जांच की मांग की जा रही है।

# शासकीय आईटीआई का हस्तांतरण न किया जाए

**बैतूल।** घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके ने शासकीय आईटीआई शाहपुर का संचालन परम फाउंडेशन को हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया है। उन्होंने कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल को पत्र लिखकर इस संस्थान को पूर्ववत शासकीय व्यवस्था के अधीन ही रखने की मांग की है। विधायक ने 03 अगस्त को लिखे पत्र में कहा कि घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र आदिवासी बहुल है और शासकीय आईटीआई शाहपुर ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा का महत्वपूर्ण संस्थान है। वर्तमान में यहां 6 ट्रेड - इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, वेल्डर,

**विधायक गंगा सज्जनसिंह उइके ने उठाई मांग**

**आईटीआई को पीपी मोड पर देने का विरोध**

फिटर, मैकेनिकल डीजल एवं ड्रोन टेक्नीशियन संचालित हैं। इनमें 3 ट्रेड एनसीवीटी से मान्यता प्राप्त हैं। संस्थान में कुल 208 प्रशिक्षणार्थी अध्ययनरत हैं और संस्था की डीजीईटी रेटिंग 9.8 है। श्रीमती उईके ने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आम नागरिकों में आईटीआई के हस्तांतरण को लेकर चिंता है। यदि इसका संचालन शासकीय व्यवस्था के अंतर्गत रहेगा तो विद्यार्थियों के हित, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं शासन की जवाबदेही सुनिश्चित रहेगी। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय आईटीआई घोड़ाडोंगरी का संचालन पहले ही परम फाउंडेशन को हस्तांतरित किया जा चुका है। ऐसे में शाहपुर आईटीआई को भी हस्तांतरित करना क्षेत्र के युवाओं के साथ अन्याय होगा।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, उमड़ा सैलाब

**चिचोली।** सकल यादव समाज के तत्वावधान में भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जोरदार बारिश के बीच निकली शोभायात्रा में आस्था और उत्साह का सैलाब देखने को मिला। चल समारोह में पांच हजार से अधिक यादव समाज के लोग शामिल हुए। बैंड-बाजे, डीजे और भक्ति गीतों की धुन पर यादव समाज के लोग नाचते-गाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा नगर के गोण्डूमढ़ाई स्थित खाक चौक सिंगाजी मंदिर से प्रारंभ हुई, जो बाजार चौक, सराफा बाजार, वीर दुर्गादास



चौक, बस स्टैंड और मुख्य मार्ग से होते हुए जय स्तंभ चौक पहुंची। शोभायात्रा में भगवान राधा-कृष्ण, कृष्ण-सुदामा सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बाजार चौक में कलार समाज, सराफा बाजार में सराफा व्यवसायियों, बस स्टैंड पर राहुल उईके की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा मुख्य मार्ग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, आदिम जाति सहकारी समिति एवं सर्व आदिवासी समाज संगठन द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जय स्तंभ चौक पर मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगलसिंह धुर्वे एवं नगर परिषद अध्यक्ष वर्षा मालवीय की उपस्थिति में शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मथुरा और वृंदावन से आई भगवान राधा-कृष्ण की झांकी तथा शिव तांडव नृत्य की चलित झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। झांकियों को देखने के लिए नगर में जगह-जगह लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा के समापन के बाद श्री तपश्री खेल मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किया गया।

**कार्यक्रम** | **शिक्षक दिवस पर अग्रसेन ग्रुप ने सेवानिवृत्त व कार्यरत शिक्षकों को किया सम्मानित**

# गुरु का सम्मान ही भारतीय संस्कृति की पहचान : विधायक हेमंत खण्डेलवाल

**बैतूल।** गुरुजनों के प्रति सम्मान की परंपरा को जीवंत रखते हुए श्री अग्रसेन महाराज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स बैतूल ने शिक्षक दिवस पर लगातार 25वें वर्ष गुरु सम्मान समारोह आयोजित किया। शनिवार को हुए समारोह में जिले के सेवानिवृत्त एवं कार्यरत शिक्षकों का सम्मान कर शिक्षा और समाज निर्माण में उनके योगदान को नमन किया गया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैतूल-हरदा-हरसूद सांसद एवं भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके तथा विशेष अतिथि




भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। संस्था के अध्यक्ष अनिल राठौर, अध्यक्ष डॉ. ओपी राठौर एवं डायरेक्टर डॉ. रिशांक राठौर ने अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पौधे भेंट कर स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि गुरुजनों के सम्मान समारोह में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने नई पीढ़ी से शिक्षकों और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने तथा जीवन में गुरुजनों का सम्मान करने का आह्वान किया। केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने भारतीय संस्कृति की गौरवशाली गुरु-शिष्य परंपरा और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, उपदेश एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल बड़ा बनाना नहीं, बल्कि महान बनाना होना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में गुरु का सम्मान करना चाहिए। कान्तु दीक्षित ने भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व पर विचार व्यक्त किए। संस्था संरक्षक एवं सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल राठौर ने भी गुरुजनों को जीवन में सर्वोच्च स्थान देने की प्रेरणा दी। संस्था अध्यक्ष डॉ. ओपी राठौर ने बताया कि अग्रसेन ग्रुप द्वारा पिछले 25 वर्षों से गुरु सम्मान की यह परंपरा निरंतर निभाई जा रही है।

## प्राथमिक शाला विनोबा नगर को दिए 50 सेट फर्नीचर

समारोह के दौरान शिक्षा संजीवनी योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला विनोबा नगर को 100 विद्यार्थियों के बैठने के लिए 50 सेट फर्नीचर भी प्रदान किया गया। डायरेक्टर डॉ. रिशांक राठौर ने शिक्षकों के सादगीपूर्ण जीवन और महान विचारों से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन मानसी श्रीवास्तव एवं मोना राठौर ने किया, जबकि प्राचार्य सुरेश चढ़ोकर ने सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# लायंस क्लब की बैठक में सेवा कार्यों की रूपरेखा तय

**बैतूल। लायंस क्लब बैतूल सिटी की दूसरी मासिक बैठक 3 सितंबर को दक्षिणेश्वरम कैफे, लिंक रोड में क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. संतोष जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी सामाजिक और सेवा गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।**

5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर दोपहर 2 बजे संस्कार विद्या मंदिर, भगूढाना, माचना नगर में 12 उत्कृष्ट शिक्षिकाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा खेल, संगीत, योग और कराटे जैसी विधाओं में बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर सेवा कर रहे समर्पित शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में 6 सितंबर को निःशुल्क दमा, छाती एवं स्वास्थ्य जांच शिविर



आयोजित करने का निर्णय लिया गया। शिविर लिंक रोड स्थित लावण्य पैथोलॉजी एवं श्री मोहिनी रेडियोलॉजिस्ट के तत्वावधान में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक लगेगा।

भोपाल के दमा एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. आयुष्मान गुर्जर (एमडी, पल्मोनरी मेडिसिन) मरीजों की जांच करेंगे। शिविर में बीपी, शुगर और पीएफटी जांच निःशुल्क होगी, जबकि अन्य सभी ब्लड टेस्ट पर 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। 12 सितंबर को गंज स्थित श्री झूलेलाल मंदिर, मोहन सिंधी कॉलोनी में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक निःशुल्क आयुर्वेदिक रोग निदान शिविर लगाया जाएगा। नागपुर के डॉ. जीएम मंमतानी (एमडी, आयुर्वेदिक पंचकर्म) और डॉ. अंजू मंमतानी (आयुर्वेदिक सौंदर्य एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ) पुराने एवं असाध्य रोगों की जांच कर उचित परामर्श देंगे।